भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
12.08.2026 के
अतारांकित प्रश्न सं. 4051 का उत्तर

विझिंजम पोर्ट टनल रेल संपर्क का प्रस्ताव

4051. एडवोकेट के. फ्रांसिस जॉर्ज:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या केन्द्र सरकार को केरल सरकार की ओर से सुरंग रेल संपर्क और रेल अवसंरचना के संवर्द्धन के माध्यम से विझिंजम इंटरनेशनल सी-पोर्ट की हैंडलिंग क्षमता को बढ़ाने का अनुरोध करने वाला कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने अतिरिक्त रेल लाइनों के निर्माण और संचालन तथा रखरखाव की अवसंरचना के विकास सहित विझिंजम बंदरगाह तक रेल संपर्क को सुदृढ़ करने के प्रस्ताव की जांच की है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या उक्त परियोजना के लिए कोई केंद्रीय वित्तीय सहायता स्वीकृत/प्रस्तावित की गई है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(घ) सरकार का किस समय-सीमा के भीतर इस प्रस्ताव पर अंतिम निर्णय लेने और उक्त बंदरगाह के लिए रेल संपर्क परियोजना के कार्यान्वयन को शुरू करने का प्रस्ताव है?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (घ): भारतीय रेल नेटवर्क के साथ बंदरगाह के निर्बाध एकीकरण को मुहैया कराने और भारतीय रेल के साथ-साथ बंदरगाह की मल्टी-मोडॉल संभार सम्हलाई क्षमता को सुदृढ़ करने के लिए विझिंजम अंतर्राष्ट्रीय बंदरगाह तक रेल संपर्कता का निष्पादन किया जा रहा है। 10.7 कि.मी. लंबा यह रेल लिंक विझिंजम अंतर्राष्ट्रीय बंदरगाह को दक्षिण रेलवे नेटवर्क पर बालरामपुरम (बीआरएएम) स्टेशन से जोड़ेगा।

यह परियोजना दक्षिण रेलवे और केरल सरकार का एक विशेष प्रयोजन वाहन (एसपीवी) इंटरनेशनल सीपोर्ट लिमिटेड (वीआईएसएल) विझिंजम के बीच हस्ताक्षरित समझौते के साथ रेल मंत्रालय की सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) नीति के तहत ₹1,482.92 करोड़ की लागत पर विकसित की जा रही है। इस समझौते के प्रावधानों के तहत, वीआईएसएल भारतीय रेल के पर्यवेक्षण में रेल लाइन का निर्माण एवं अनुरक्षण का कार्य करता है, जबकि भारतीय रेल रेलगाड़ियों के परिचालन तथा उनके संचलन के नियंत्रण के लिए जिम्मेदार है।

भूमि अधिग्रहण का कार्य राज्य सरकार द्वारा किया जा रहा है। परियोजना की अंतिम समय-सीमा भूमि के पूर्ण कब्जे और उसके बाद वीआईएसएल द्वारा किए जाने वाले कार्य निष्पादन पर निर्भर करेगी।

****